## एक नजर

### एक परिवार के तीन लोगों को पीटकर घायल किया

बरखेड़ा। गजरौला थाना क्षेत्र के गांव मूढा सेमनगर उर्फ पंडरी निवासी सोनपाल ने बताया कि गुरुवार दोपहर उसके छोटे भाई सूरज से गांव के ही दो युवकों ने गाली गलौज की। विरोध करने पर उसके भाई को पीट दिया। बचाने पहुंची उसकी मां सुखरानी, पत्नी रेखा देवी से भी मारपीट की गई, जिससे तीनों घायल हो गए। घायलों को सीएचसी बरखेड़ा में भर्ती कराया गया है।

### कार की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल

गजरौला। कस्बा गजरौला में माला मोड़ के नजदीक बाइक और कार की गुरुवार शाम टक्कर हो गई। हादसे में बाइक सवार पूरनपुर निवासी सुखदेव सिंह और अजय सिंह घायल हो गए। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल भिजवाया।

### बिना अनुमति काटे पेड़ वीडियो वायरल

बरखेड़ा। गांव पिपराखास में ठेकेदार ने बिना परमिट गूलर के दो पेड़ काट दिए। सोशल मीडिया पर गुरुवार को मामले का शोर मचा तो सामाजिक वानिकी टीम हरकत में आई। एक टीम को मौके पर भेजकर जांच कराई गई। सामाजिक वानिकी रेंज बीसलपुर के सेक्शन अधिकारी तनुज जोशी ने बताया कि गुरुवार को जांच कराई गई है।

# बाजारों में उमड़ी भीड़ से लगा जाम...ट्रैफिक पर नहीं कोई ध्यान

## पुलिस ने मोबाइल बैरियर लगाकर निभाई औपचारिकता, नो एंट्री में घूम रहे चार पहिया वाहन, ई-रिक्शा के लिए अभी तय नहीं किए गए रूट

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

अमृत विचार : होली आने में मात्र तीन दिन शेष हैं। बाजारों में खरीदारी करने वालों की भीड़ उमड़ रही है। इससे दिन में कई बार जाम लग जाता है, जिसकी वजह से लोग परेशान हैं। मगर पुलिस अधिकारियों का ट्रैफिक व्यवस्था की ओर कोई ध्यान नहीं है। पुलिस ने मोबाइल बैरियर लगाकर औपचारिकता पूरी कर दी। मगर नो एंट्री में घूम रहे चार पहिया वाहनों को रोकने वाला कोई नहीं है। शहर में जाम का कारण बन रहे ई-रिक्शा के लिए रूट अभी तय नहीं किए गए हैं।

गुरुवार को शहर के मुख्य बाजार, जेपी रोड व अन्य मार्गों पर जबरदस्त भीड़ रही। शहर के स्टेशन रोड से लेकर कोतवाली तक की सड़क 20 फुट चौड़ी है, लेकिन इस सड़क पर दुकानदारों ने अपनी दुकान आगे कर सड़कों को 10 फुट में ही समेट कर रख दिया है। शहर के मुख्य बाजार स्टेशन रोड, ड्रमंडगंज चौराहा, जेपी रोड, चौक बाजार, चावला चौराहा, गैस चौराहा, छिपियान मस्जिद और नींबू मंडी बाजार में लंबे समय से अतिक्रमण जाम का सबब बना हुआ है। होली को लेकर रंग गुलाल आदि की दुकानें भी सज चुकी हैं। बाकी रह बची कसर ई-रिक्शा के बेतरतीब संचालन को लेकर पूरी हो गई। लोग बाजार में खरीदारी करने के लिए पहुंच रहे हैं। मगर खरीदारी करने से पहले उन्हें जाम का सामना करना पड़ रहा है। गुरुवार को भी दिन भर हाल बेहाल रहा।



होली के मौके पर गुरुवार को बाजार में उमड़ी भीड़। ● अमृत विचार

- दिन में कई बार लगता है जाम राहगीर रहते हैं परेशान

### ट्रैफिक पुलिस में 100 से अधिक का स्टाफ

शहर का बाजार मात्र दो किलोमीटर के दायरे में सिमटकर रह जाता है। शहर की बाजार में एंट्री करने के लिए प्रमुख रुप से गैस चौराहा, चावला चौराहा, छिपियान मस्जिद, ड्रमंडगंज चौराहा, बरेली दरवाजा, सुनहरी मस्जिद, जमीन चौराहा, रंगीला चौराहा निर्धारित है, जोकि शहर के बाजार से जोड़ते हैं। ट्रैफिक पुलिस की ओर से इन चौराहों पर नो एंट्री लागू की गई है। वर्तमान में ट्रैफिक पुलिस के पास 100 से अधिक स्टाफ है। जिसमें 25 होमगार्ड, 34 पीआरडी जवान, 20 हेड कांस्टेबल और 21 सिपाही तैनात है। जिनके ऊपर एक टीएसई हैं। आठ प्वाइंटों पर फिर भी जिम्मेदार सख्ती नहीं कर पा रहे हैं।

> होली को लेकर बाजार में ट्रैफिक प्लान लागू किया गया है। प्रत्येक चौराहे पर सिपाही और होमगार्ड और पीआरडी के जवानों की प्रतिदिन ड्यूटी लगाई जा रही है। बाजार में ई-रिक्शा और कार आदि पर प्रतिबंध है। अगर ऐसा हो रहा है तो सख्ती की जाएगी। लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।
>
> – राघवेंद्र सिंह चौहान, टीएसआई





स्टेशन रोड स्थित मुख्य गैस चौराहे पर चार पहिया वाहनों के लिए नो एंट्री लागू है। यहां होमगार्ड की ड्यूटी भी लगाई गई है। ताकि नियमों का पालन हो सके। मगर ऐसा नहीं हो रहा है। नो एंट्री होने के बाद भी कार सवार बेरोकटोक बाजार में प्रवेश करते रहे। इसके बाद भीड़ में पहुंचते ही जाम लग गया। यह सिलसिला में दिन में कई बार चला। हालांकि कागजों में जिम्मेदार सब कुछ दुरुस्त बता रहे हैं। ई-रिक्शा चालक भी पीछे नहीं रहे। गली नुक्कड़ से होते हुए बाजार में दाखिल होते रहे।





शहर के जेपी रोड पर बर्तन, कपड़े आदि की दुकानें अधिक हैं। इस रूट पर ग्रामीण क्षेत्र के लोगों की भीड़ अधिक रहती है। जाम से निपटने के लिए दोनों तरफ नो एंट्री प्वाइंट है। जहां पर मोबाइल बैरियर ट्रैफिक पुलिस की तरफ से लगाए गए हैं। इसके बावजूद यहां पर बेतरतीब तरीके से वाहनों की पार्किंग रही। इसके अलावा नो एंट्री होने के बाद भी कार और बड़े वाहन घुसते मिले। जबकि कई बार बैठकों में इसे लेकर सख्ती करने की मांग भी की जा चुकी है। लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है।

# परीक्षा में शामिल बच्चों की रिपोर्ट रोजाना शासन को भेजी जाएगी

पूरनपुर, अमृत विचारः सरकारी स्कूलों में चल रही परीक्षा में शामिल होने वाले बच्चों की रिपोर्ट रोजाना शासन को भेजी जाएगी। इसमें कक्षा में पंजीकृत बच्चों की संख्या के अलावा परीक्षा में शामिल और अनुपस्थित बच्चों की जानकारी दी जाएगी। यह प्रारूप गूगल शीट पर भरा जाएगा। परिषदीय और मान्यता प्राप्त स्कूलों में वार्षिक परीक्षाएं चल रहीं हैं। स्कूलों में पंजीकृत छात्रों की अपेक्षा परीक्षा में शामिल होने वाले बच्चों की संख्या में खासा अंतर आता है। इस बार परिषदीय स्कूलों में कराई जाने वाली परीक्षाओं की प्रतिदिन की रिपोर्ट शासन को भेजी जाएगी। गूगल शीट पर कक्षा में कुल पंजीकृत छात्रों की संख्या, परीक्षा में उपस्थित छात्र और अनुपस्थित छात्र संख्या रोजाना भरी जाएगी। स्कूलों की रिपोर्ट खंड शिक्षा कार्यालय में दी जाएगी। वहां से बीएसए कार्यालय के द्वारा यह रिपोर्ट शासन तक पहुंचेगी। 27 मार्च तक परीक्षा संपन्न कराए जाने के अलावा 31 मार्च को बच्चों की प्रगति रिपोर्ट भी बांटे जाने के आदेश हैं। खंड शिक्षाधिकारी विजय वीरेंद्र सिंह ने बताया कि रिपोर्ट न्याय पंचायत स्तर से एकत्रित कर बीएसए कार्यालय भेजी जाएगी।

# तीन शावकों संग घूम रही बाघिन ट्रैफिक कंट्रोल को लगाए बैरियर

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

अमृत विचारः मुस्तफाबाद के लाल पुल रोड पर शावकों के संग चहलकदमी कर रही बाघिन को सुरक्षा को लेकर पूरनपुर-खटीमा मार्ग पर वाहनों की रफ्तार रोकने को बैरियर लगाए गए हैं। बैरियर पर तैनात वनकर्मी वाहन चालकों को निर्धारित स्पीड से वाहन चलाने की नसीहत दे रहे हैं।

पीलीभीत टाइगर रिजर्व में बाघों का कुनबा बढ़ता जा रहा है। वर्तमान में टाइगर रिजर्व में 73 से अधिक बाघ है। पिछले कुछ दिनों से महोफ रेंज के मुस्तफाबाद क्षेत्र में एक बाघिन और तीन शावकों की चहलकदमी देखी जा रही है। बताते हैं बाघिन शावकों के साथ पूरनपुर-खटीमा मार्ग पर लाल पुल के पास लगातार देखी जा रही है। मामले को गंभीरता से लेते हुए पीटीआर के डिप्टी डायरेक्टर ने बाघिन एवं शावकों की सुरक्षा को मार्ग पर बैरियर लगाने के निर्देश हैं।

इधर, डिप्टी डायरेक्टर के निर्देश के बाद महोफ रेंज के वन क्षेत्राधिकारी सहेंद्र यादव ने मार्ग पर बैरियर लगवाया गया है। ताकि वाहनों की रफ्तार पर अंकुश लगाया जा सके। साथ ही लालपुल पर वन दरोगा सुरेंद्र गौतम एवं वनकर्मी सौरभ की ड्यूटी लगाई है। वनकर्मियों द्वारा मार्ग से गुजरने वाले वाहन चालकों को निर्धारित गति सीमा के अंदर ही वाहन चलाने की अपील कर रहे हैं। इस संबंध में पीटीआर के डिप्टी डायरेक्टर मनीष सिंह ने बताया कि मुस्तफाबाद के लाल पुल के समीप एक बाघिन समेत तीन शावकों की चहलकदमी देखी जा रही है। सुरक्षा को लेकर मार्ग पर बैरियर लगाने के साथ कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है।



पूरनपुर–खटीमा मार्ग पर लालपुल के समीप लगाए गए बैरियर। ● अमृत विचार

- पूरनपुर-खटीमा मार्ग के लालपुल के समीप चहलकदमी कर रही बाघिन

# नहीं मिल सका भुगतान होली पर किसान परेशान

संवाददाता, बिलसंडा

- राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन ने होली से पहले भुगतान न होने पर दी आंदोलन की चेतावनी

अमृत विचारः बजाज शुगर मिल मकसूदापुर की मनमानी की वजह से गन्ना किसान बेहाल हैं। होली के महज चंद दिन बचे हैं, लेकिन भुगतान नहीं हो सका है। चालू सत्र में 113 दिन किसान गन्ने की आपूर्ति कर चुके हैं, लेकिन भुगतान अभी तक सिर्फ 22 दिन का ही किसानों के बैंक खातों में भेजा गया है। राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन ने होली से पहले भुगतान न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

ब्लॉक क्षेत्र के करीब 50 फीसदी किसान बजाज शुगर मिल मकसूदापुर को गन्ने की सप्लाई करते हैं। फैक्ट्री का चालू पेराई सत्र नौ नवंबर 2023 से शुरू हुआ। 29 फरवरी 2024 तक मिल करीब 300 करोड़ का गन्ना खरीद चुकी है। मगर भुगतान सिर्फ 30 नवंबर तक यानि कि 22 दिन का ही किया है। इससे किसान बेहद परेशान हैं। कस्बा बमरोली निवासी कृषक वीरेंद्र सिंह उर्फ चुनमुन का कहना है कि गन्ने की छिलाई और ढुलाई पर अत्यधिक खर्च आ रहा है। जिसकी किसानों को भरपाई करना मुश्किल है। मिल प्रबंधन भुगतान पर ध्यान नहीं दे रहा है।

उधर, गन्ना किसानों की परेशानी को देखते हुए राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन शाहजहांपुर के जिला अध्यक्ष श्रवण सिंह ने बृहस्पतिवार को मिल प्रबंधन को अल्टीमेटम दिया है, जिसमें उन्होंने किसानों का शत-प्रतिशत बकाया भुगतान होली से पहले नहीं करने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। उधर बिलसंडा ब्लॉक अध्यक्ष अंग्रेज सिंह ने कहा कि क्षेत्र के किसान बड़ी संख्या में शाहजहांपुर की मकसूदापुर चीनी मिल को गन्ना देते हैं। उनका भुगतान होली से पहले किया जाए।

# होली को लेकर पीटीआर में अलर्ट वनकर्मियों की छुट्टियां हुईं निरस्त

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- रेंज के संवेदनशील स्थानों पर होगी सामूहिक गश्त, वन अपराधियों की होगी खास निगरानी
- डीडी ने वन क्षेत्राधिकारियों को जारी किया निर्देश, शिकारियों पर शिकंजा कसने की तैयारी

> होली के मद्देनजर वन एवं वन्यजीवों की सुरक्षा को लेकर सभी वन क्षेत्राधिकारियों को संवेदनशील स्थान चिह्नित कर निगरानी बढ़ाने के साथ वन अपराधियों की गतिविधियों पर निगाह रखने के निर्देश दिए गए हैं। यदि कहीं कोई लापरवाही पाई जाती है तो संबंधित पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। – मनीष सिंह, डिप्टी डायरेक्टर, पीलीभीत टाइगर रिजर्व

अमृत विचारः होली के मद्देनजर पीलीभीत टाइगर रिजर्व (पीटीआर) में अलर्ट जारी किया गया है। पेड़ों के कटान व वन्यजीवों के शिकार को लेकर संवेदनशील क्षेत्रों को चिह्नित कर विशेष निगरानी की जाएगी। वन अपराधियों की गतिविधियों पर विशेष निगाह रखी जाएगी। डिप्टी डायरेक्टर ने सभी वन क्षेत्राधिकारियों को निर्देश जारी किए हैं।

पीलीभीत टाइगर रिजर्व में 73 से अधिक बाघ व अन्य वन्यजीव हैं। होली पर्व के दौरान जंगलों में हिरन, पाढ़ा, चीतल, जंगली सूअर आदि वन्यजीवों और पक्षियों के शिकार की घटनाएं अक्सर बढ़ जाती हैं। होली की छुट्टियों का फायदा उठाकर शिकारी और अपराधी वन्यजीवों का शिकार व अन्य घटनाओं को अंजाम देने की फिराक में लग जाते हैं। इसको लेकर पीलीभीत टाइगर रिजर्व प्रशासन ने अलर्ट जारी किया है। इस संबंध में पीटीआर के डिप्टी डायरेक्टर मनीष सिंह ने पांचों रेंजों के वन क्षेत्राधिकारियों को विशेष सतर्कता बरतने का निर्देश दिया है। उन्होंने होली पर सभी रेंजों में सामूहिक गश्त कराने और अवैध कटान व शिकार से संबंधित संवेदनशील क्षेत्रों को चिह्नित करने के साथ उनकी विशेष निगरानी करने का निर्देश दिया है। वहीं, सूचना तंत्र को विकसित करते वन अपराध में लिप्त रहने वाले अपराधियों की गतिविधियों पर भी पैनी नजर रखी जाएगी। अवैध घुसपैठ रोकने के लिए भारत-नेपाल सीमा से सटे जंगल पर विशेष नजर रहेगी।

डिप्टी डायरेक्टर ने बताया कि होली के दौरान कोई वन एवं वन्यजीव घटना होती है और कोई वनकर्मी अनुपस्थित पाया जाता है तो इसके लिए संबंधित वन क्षेत्राधिकारी जिम्मेदार होंगे। सभी वन क्षेत्राधिकारियों को होली के दौरान किसी कर्मचारी का अवकाश स्वीकृत न करने के निर्देश दिए हैं। विशेष परिस्थितियों में केवल डिप्टी डायरेक्टर द्वारा ही अवकाश स्वीकृत किया जाएगा।

# कार्यदायी संस्था ने जमा नहीं की राशि, चैनेलाइजेशन कार्य रुका

संवाददाता, पूरनपुर

- पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने शर्तों के साथ दी थी एनओसी

अमृत विचारः कार्यदायी संस्था की लापरवाही से चंदिया हजारा गांव को कटान से बचाने के लिए शारदा नदी पर ड्रजिंग चैनेलाइजेशन का कार्य बुधवार शाम रोक दिया गया। सुरक्षा राशि जमा न होने से गुरुवार दूसरे दिन भी काम बंद रहा।

चंदिया हजारा में चैनेलाइजेशन और शारदा के तटबंध पर जियो बैग लगाने का काम चल रहा है। इसके लिए शासन से करीब 19 करोड़ रुपये का बजट जारी हो चुका है। पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने शर्तों के साथ चैनेलाइजेशन के लिए एनओसी दी थी। इसमें स्पष्ट किया गया कि वन्यजीव संरक्षण और पौधारोपण भी किया जाएगा। इसके लिए कार्यदायी संस्था को सुरक्षा धनराशि जमा करनी होगी।

मगर कार्यदायी संस्था सुरक्षा धनराशि जमा नहीं कर सकी। इस पर वन विभाग के निर्देश पर काम रोक दिया गया। विधायक बाबूराम पासवान ने इस संबंध में वन विभाग और कार्यदायी संस्था के अधिकारियों से वार्ता की। ग्राम प्रधान वासुदेव कुंडू ने भी संस्था से संपर्क कर प्रगति की जानकारी जुटाई।

# कंपनी का डिस्ट्रीब्यूटर बनाने के बहाने 14 लाख ठगे

संवाददाता, बीसलपुर (पीलीभीत)

- छह माह बाद भी नहीं हुआ काम तो पीड़ित ने की शिकायत
- बीसलपुर पुलिस ने दर्ज की एफआईआर, जांच शुरू

> कंपनी का डिस्ट्रीब्यूटर बनाने के नाम पर 14 लाख रुपये ठगने की शिकायत मिली थी। मामले में आरोपी पिता–पुत्र पर एफआईआर दर्ज कर ली गई है। विवेचना कराई जा रही है। साक्ष्य के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।
>
> – अशोक पाल, कोतवाल बीसलपुर

अमृत विचारः एक कंपनी का डिस्ट्रीब्यूटर बनाने के नाम पर एक युवक से 14 लाख रुपये ठग लिए गए। आरोपी पिता-पुत्र छह महीने तक भरोसा दिलाते रहे, लेकिन काम नहीं हुआ। पीड़ित के रकम लौटाने को कहने पर आरोपियों ने इनकार कर दिया। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

नगर के मोहल्ला दुर्गाप्रसाद निवासी बृजेश कुमार ने पुलिस को बताया कि करीब छह माह पूर्व उनके पास मोहल्ले के ही रहने वाले रजत कुमार व उसका पुत्र संतोष पहुंचे। उन्होंने एक कंपनी का डिस्ट्रीब्यूटर बनवाने का भरोसा दिया। इसके लिए 14 लाख रुपये का खर्च बताया। तमाम तरह के फायदे बताए। बृजेश ने उनके झांसे में आकर हामी भर दी। इसके बाद चौदह लाख रुपये दे दिए। आरोपियों ने डिस्ट्रीब्यूटरशिप दिलाने का वायदा किया। इसके बाद आरोपी टालते रहे। करीब छह महीने गुजर जाने के बावजूद काम नहीं हुआ तो बृजेश ने अपनी रकम लौटाने को कहा तो आरोपी टालमटोल करते रहे।

बृजेश के अनुसार 31 दिसंबर की शाम करीब पांच बजे वह रुपये मांगने गए तो आरोपियों ने गाली-गलौज की और रकम लौटाने से इनकार कर दिया गया। दोबारा रुपये वापस मांगने पर एससीएसटी एक्ट के फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी दी।

### नौकरी लगवाने के नाम पर डेढ़ लाख रुपये हड़पे

पीलीभीत। ग्राम शिवनगर निवासी विपेंद्र सिंह ने बताया कि मई 2023 में उनकी मुलाकात माधोटांडा क्षेत्र के ग्राम देवीपुरा निवासी रामप्रकाश उर्फ पप्पू पांडेय से हुई थी। उसने झांसा दिया था कि वह पीड़ित की बेटी नेहा सिंह और दामाद विक्रम सिंह की सरकारी नौकरी लगवा देगा। इसके बाद आरोपी ने अपने व लक्ष्मी देवी और प्रशांत कुमार के खाते में रुपये डलवाए। कुछ रकम नगद ले ली। कुल मिलाकर विपेंद्र से करीब डेढ़ लाख रुपये ले लिए। मगर अभी तक उनकी बेटी–दामाद की नौकरी नहीं लगी। विपेंद्र का कहना है कि उन्होंने ब्याज पर रुपये लेकर दिए थे। उन्होंने जब रुपये वापस मांगे गए तो आरोपी ने इनकार कर दिया। दोबारा आने पर जान से मारने की धमकी दी। गजरौला पुलिस ने इस मामले में आरोपी रामप्रकाश पांडेय, लक्ष्मी देवी और प्रशांत के खिलाफ धोखाधड़ी, अमानत में खयानत, गाली गलौज और धमकाने की रिपोर्ट दर्ज की है।

## सार-संक्षेप

### नरेश ललौरीखेड़ा व कुंवरसेन बने मरौरी के अध्यक्ष

पीलीभीत। कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के बीच कई कार्यकर्ताओं को नई जिम्मेदारी दी है। जिला कार्यकारिणी के विभिन्न पदों के साथ ही ब्लॉक अध्यक्ष के नाम भी तय कर दिए हैं। प्रदेश महासचिव (संगठन) अनिल यादव की ओर से जारी की गई सूची में करनजीत सिंह को कोषाध्यक्ष, पुष्पा गंगवार, वासुदेव ठाकुर, मुनेंद्रपाल सक्सेना, रेहान अली, नवीन सक्सेना को उपाध्यक्ष, मोहम्मद अजीम, डॉ.नागेश पाठक, श्रीकृष्ण वर्मा, ज्ञानेंद्र गौतम, यूसुफ मलिक, किरनपाल सिंह माबी को महासचिव बनाया है। इसके अलावा नरेश चंद्र शुक्ला को ललौरीखेड़ा, कुंवरसेन पासवान को मरौरी, हरीश मौर्य को बरखेड़ा, राजू मिश्रा को बीसलपुर, नितिन चौहान को बिलसंडा, मोहम्मद दानिश हसन अमरिया, मोहम्मद जाहिद खां पूरनपुर के ब्लॉक अध्यक्ष बनाए गए। इसके अलावा सत्रह कार्यकर्ताओं को सचिव पद पर मनोनीत किया है।

### प्राथमिक विद्यालय पंसड़ी से सामान ले गए चोर

दियोरियाकलां। प्राथमिक विद्यालय पंसड़ी में बुधवार रात चोरों ने दस्तक दी। ताले और जंजीर तोड़कर कमरों में घुसे चोर काफी सामान समेट ले गए। गुरुवार सुबह घटना की जानकारी स्टाफ के पहुंचने पर हुई। इंचार्ज अध्यापिका मनू चौधरी ने मौके पर पहुंचकर चेक किया। इस दौरान दो गैस सिलेंडर,50 किलो गेहूं, मसाले व दालों के डिब्बे, 4 कुर्सी चोरी होने का पता चला। पुलिस को मामले की तहरीर दी गई। कोतवाल उमेश सिंह सोलंकी ने बताया कि सूचना मिलने के बाद मौका मुआयना कर जानकारी कराई है। मामले की जांच की जा रही है। जल्द की घटना का खुलासा किया जाएगा।



पंचमुखी हनुमान मंदिर में होली खेलते भक्त। ● अमृत विचार

# पंचमुखी हनुमान मंदिर में भक्तों ने खेली होली

पीलीभीत, अमृत विचारः गांधी स्टेडियम रोड पर स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर में गुरुवार शाम को होली दरबार सजाया गया। श्री बालाजी महाराज का पूजन करने के बाद भक्तों ने भजन गए। इसके बाद गुलाल की होली खेली गई। प्रधान सेवक शिरीष सक्सेना ने भक्तों के साथ बाबा के भजनों का गुणगान कर गुलाल से होली खेली। भक्त बाबा की भक्ति में झूमते दिखे।

# नकाबपोश बंदूकधारी देख सहमे लोग, भगदड़ मची

संवाददाता, पूरनपुर

- मौके पर पहुंचे सीओ ने देखे फुटेज, आरोपी गार्ड निकला

अमृत विचार : किराना व्यापारी सुनील गुप्ता के घर 30 जनवरी को हुई डकैती के बाद से लोग दहशत में हैं। गुरुवार सुबह एक नकाबपोश बंदूकधारी को देख राहगीरों में भगदड़ मच गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक नकाबपोश व्यक्ति ने अपने कंधे से बंदूक उतारी तो लोग डर की वजह से पीछे हटना पड़ा।

यह मामला गुरुवार सुबह करीब पांच बजे का है। मोहल्ला बमनपुरी में तिरंगा चौराहे से जामा मस्जिद जाने वाली सड़क पर एक बंदूकधारी बाइक लेकर पहुंचा। तिरंगा चौराहे से बाजार मार्ग पर करीब दो सौ मीटर आगे उसने बाइक रोकी और वहीं खड़ा हो गया। उसी दौरान इमरान, रेहान, जफर आदि लोग फज्र की नमाज के लिए जामा मस्जिद जा रहे थे। रास्ते में बंदूकधारी व्यक्ति देखा तो कदम ठिठकने लगे। इस बीच उसने अपनी बंदूक कंधे से उतारी तो लोग उल्टे पैर भागने लगे। इसकी जानकारी मिलने पर सीओ आलोक सिंह मौके पर पहुंच गए। दुकानों पर लगे सीसीटीवी कैमरे चेक किए। बंदूकधारी की सारी गतिविधियां कैमरे में कैद हो गईं। सीओ आलोक सिंह ने बताया कि फुटेज देखे हैं। बंदूकधारी सुरक्षा गार्ड था। उसने बंदूक उतारकर दूसरे कंधे पर डाली थी। कोई ऐसी गतिविधि नहीं थी। किसी को डरने की जरूरत नहीं है।

# शराब पीने के बाद भिड़े टेंपो चालक

बिलसंडा, अमृत विचार : नगर का कमल पार्क तिराहा पिछले कुछ दिनों से टेंपो स्टैंड बना हुआ है। यहां टेंपो चालकों ने पार्क में बैठकर जाम छलकाते और हुड़दंग करते हैं। बुधवार रात भी शराब पीने के बाद हंगामा किया गया। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। बुधवार रात करीब नौ बजे कमल पार्क के भीतर कुछ टेंपो चालकों ने पहले जाम छलकाए और फिर आपस में भिड़ गए। फिर उनके बीच मारपीट हुई, जिससे अफरा-तफरी मच गई। कुछ लोगों ने घटना की वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। इंस्पेक्टर अजय कुमार ने बताया कि मामले की जांच कराई जाएगी। कमल पार्क से अतिक्रमण हटाने का मुद्दा नगर पंचायत बोर्ड की बैठक में भी रखा गया था। मगर कार्रवाई के नाम पर सिर्फ औपचारिकता निभाई गई।

# गोकशी का मचा शोर, मृत पशुओं के निकले अवशेष

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- सुनगढ़ी थाना क्षेत्र के नौगवां पकड़िया गांव का मामला
- युवक ने मृत पशुओं के अवशेष के निस्तारण का ले रखा है ठेका

अमृत विचारः नौगवां पकड़िया में गोकशी का शोर मचने पर पुलिस में खलबली मच गई। पुलिस ने मौके पर जाकर देखा तो मृत पशुओं के अवशेष निकले।

सुनगढ़ी थाना क्षेत्र के नौगवां पकड़िया गांव निवासी परवेज खां के घर बुधवार रात कुछ लोग पहुंचे और गोकशी के आरोप लगाते हुए विरोध शुरू कर दिया। वे लोग खुद को विभिन्न संगठनों से जुड़ा बता रहे थे। उन्होंने पिकअप में गोमांस ले जाने का आरोप लगाया। वहां पर खड़ी एक पिकअप को भी रोक लिया गया। इसकी सूचना मिलने पर सुनगढ़ी पुलिस मौके पर पहुंची। इस पर परवेज ने बताया कि उसने मृत पशुओं के अवशेषों को निस्तारण करने का ठेका लिया है।

जिन्हें वह वाहन में भरकर ले जा रहा था। इससे संबंधित कागजात भी उसके पास हैं। पुलिस ने कागजात चेक किए तो उसकी बात सही निकली। सुनगढ़ी इंस्पेक्टर पवन पांडेय ने बताया कि गोकशी का मामला नहीं था। इसलिए जांच के बाद पिकअप छोड़ दी गई है।

रमज़ान मुबारक
ग्यारहवां रोज़ा इफ्तार - 22 मार्च 2024
सुन्नी - 06:26 बजे
शिया - 06:34 बजे
बारहवां रोज़ा सहरी - 23 मार्च 2024
सुन्नी - 04:50 बजे
शिया - 04:41 बजे
नोटः- सहरी व इफ्तार में क्षेत्रवार समय में परिवर्तन हो सकता है।
केजीएन ब्रिक फील्ड, देवीपुरा
नफीस अहमद
मो. 9412433389

शिव इन्टरप्राईजेज फोम एण्ड प्लाई

गद्दे, सोफे का सामान, पर्दे, प्लाई बोर्ड, दरवाजे, सनमाइका हार्डवेयर, फर्नीचर
सिकलापुर, बरेली
9897245877

# उत्तराखंड सीमा पर स्टेटिक सर्विलांस टीम ने चेकिंग के दौरान 1.80 लाख रुपये पकड़े

## कार सवार नहीं दे पाए संतोषजनक जवाब, प्रशासन ने नगदी जब्त कर जांच शुरू की

संवाददाता, माधोटांडा (पीलीभीत)

**अमृत विचार :** स्टेटिक सर्विलांस टीम ने गुरुवार को उत्तराखंड सीमा पर चेकिंग के दौरान कार में ले जाए जा रहे 1.80 लाख रुपये पकड़ लिए। टीम के पूछताछ करने पर कार सवार नगदी को लेकर संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए। इस पर टीम ने नगदी जब्त कर ली। इस मामले में टीम गहनता से जांच कर रही है।

लोकसभा चुनाव को लेकर आचार संहिता लागू हो चुकी है। जिले में पहले चरण में 19 अप्रैल को मतदान होगा। आचार संहिता का पालन कराने के लिए पीलीभीत-बहेड़ी लोकसभा क्षेत्र में 63 स्टेटिक सर्विलांस टीम (एसएसटी), 45 फ्लाइंग स्कवाइड टीम (एफएसटी), 8 वीडियो निगरानी टीम, 6 वीडियो व्यूयिंग टीम और 9 सहायक व्यय आब्जर्वर बनाए गए हैं। सभी टीमें अपनी जिम्मेदारी के हिसाब से

- **लोकसभा चुनाव के चलते जिले में गठित की गई हैं 63 स्टेटिक सर्विलांस टीमें**

दिन-रात चेकिंग करने में जुटी हैं।

माधोटांडा थाना क्षेत्र में उत्तराखंड सीमावर्ती क्षेत्र में बुधवार रात मजिस्ट्रेट विजय कुमार पासवान, दरोगा सोहन सिंह टीम के साथ माधोटांडा-खटीमा मार्ग पर मैनाकोट पुलिस चौकी के पास चेकिंग कर रहे थे। इस दौरान उधर से गुजर रही एक कार को चेकिंग के लिए रोका।

कार में उधम सिंह नगर (उत्तराखंड) के नानकमत्ता थाना क्षेत्र के सिद्ध नवदिया बिजली कॉलोनी निवासी रंजीत सिंह पुत्र बलदेव सिंह सवार थे। टीम के तलाशी लेने पर उनकी कार में चेकिंग के दौरान 1.80 लाख रुपये बरामद हुए। टीम ने नगदी के बारे में पूछताछ की, लेकिन कार सवार कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए। इससे नगदी जब्त कर ली गई। एसओ माधोटांडा अचल कुमार ने बताया कि कार सवार से नगदी को लेकर ब्योरा मांगा गया है। उसी आधार पर आगे निर्णय लिया जाएगा। फिलहाल जांच चल रही है।

### मझोला इलाके में भी टीम ने की वाहन चेकिंग



अमरिया क्षेत्र में उत्तराखंड सीमा पर चेकिंग करते अधिकारी। ● अमृत विचार

माधोटांडा के अलावा अमरिया, मझोला क्षेत्र में उत्तराखंड सीमा से सटे इलाकों में फ्लाइंग स्कवाइड टीम ने चेकिंग की। गुरुवार को टीम ने बिरहनी चौकी, मझोला पुलिस चौकी के आसपास चार पहिया वाहनों को रोक कर जांच पड़ताल की। हालांकि कहीं कुछ नहीं मिल सका है। उत्तराखंड ही नहीं, अन्य जनपदों की सीमाओं और मुख्य मार्गों पर टीमें लगाई गई हैं।

> खटीमा-माधोटांडा मार्ग पर एफएसटी द्वारा चेकिंग के दौरान एक कार से 1.80 लाख रुपये पकड़े गए हैं। कार सवार धनराशि के बारे में अभी कोई जानकारी नहीं दे सके। इस पर नगदी जब्त कर ली गई है। इससे संबंधित ब्योरा न दे पाने पर उसे ट्रेजरी में जमा कराया जाएगा। नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।।
> – **ऋतु पूनिया**, उप जिला निर्वाचन अधिकारी

# कलेक्ट्रेट पहुंचे कमिश्नर और आईजी नामांकन संबंधी अभिलेख चेक किए

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल व आईजी डॉ. राकेश सिंह ने यहां कलेक्ट्रेट पहुंचकर नामांकन स्थल की सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने मतदान केंद्रों पर जाकर दिव्यांगों के लिए बनाए गए बूथों का जायला लिया। इस दौरान मंडलायुक्त ने दिव्यांग मतदाताओं को सक्षम एप के बारे में बताया।

पीलीभीत-बहेड़ी लोकसभा सीट पर 19 अप्रैल को मतदान होना है। नामांकन प्रक्रिया हो चुकी है। चुनाव के दौरान कहीं कोई समस्या न आए इसको लेकर अधिकारी लगातार निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा ले रहे हैं। गुरुवार को मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल व पुलिस महानिरीक्षक डॉ. राकेश सिंह ने पीलीभीत पहुंचे और चुनाव संबंधी तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने शहर के वीरांगना अवंतीबाई बालिका इंटर कॉलेज व राम लुभाई साहनी महाविद्यालय में बनाए गए मतदान केंद्रों एवं बूथों का



नामांकन कक्ष में अभिलेख देखतीं कमिश्नर सौम्या अग्रवार व आईजी डा. राकेश सिंह।

- **मतदान केंद्रों पर जाकर दिव्यांगों के लिए बनाए गए बूथों पर व्यवस्थाएं देखीं**

निरीक्षण किया। यहां दिव्यांगों के लिए भी बूथ बनाए गए हैं। निरीक्षण के दौरान उन्होंने रैंप की स्थिति, पेयजल, बिजली की व्यवस्था देखी। मंडलायुक्त ने वीरांगना अवंतीबाई इंटर कॉलेज में दिव्यांगों को सक्षम एप की जानकारी दी। साथ ही मतदान के लिए दूसरों को प्रेरित करने को कहा। कहा कि सभी दिव्यांगजन अपने मोबाइल में सक्षम एप डाउनलोड करें।

इसके बाद कमिश्नर व आईजी ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर नामांकन संबंधी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जहां उन्होंने अधिकारियों से उपलब्ध कराए गए नामांकन पत्रों की संख्या व अन्य जानकारियां लीं। कलेक्ट्रेट परिसर की सुरक्षा व्यवस्था देखने के साथ ही उन्होंने बैरिकेडिंग, सीसीटीवी कैमरों की स्थिति आदि का भी निरीक्षण किया।

इसके बाद मंडलायुक्त व व आईजी बीसलपुर गए। यहां उन्होंने एसआरएम इंटरर कॉलेज में मतदान केंद्र का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने मतदान केंद्रों के आवश्यक व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान डीएम संजय कुमार सिंह, एसपी अविनाश पांडेय, एडीएम ऋतु पुनिया, एएसपी विक्रम दहिया आदि अधिकारी मौजूद रहे।

# बनो देश के भाग्य विधाता, जागो अब प्यारे मतदाता



मतदाता जागरुकता कार्यक्रम में शपथ लेते छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए गुरुवार को जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान युवा मतदाताओं को मतदान की शपथ दिलाई गई। शहर में 18 से 35 वर्ष के युवाओं संग जागरुकता रैली निकाली गई।

शहर के मोहल्ला देशनगर स्थित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत चौपाल आयोजित की गई। मुख्य अतिथि जिला विद्यालय

- **शहर में निकाली गई जागरुकता रैली, दिलाई गई शपथ**

निरीक्षक गिरजेश कुमार चौधरी रहे। उन्होंने कहा कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 का बिगुल बज चुका है। जनपद में 19 अप्रैल को पहले चरण में मतदान होगा। सभी अपने बूथ पर जाकर मतदान करें और अपने सगे संबंधियों -परिचितों को भी मतदान के लिए प्रेरित करें। इस बार रिकॉर्ड मतदान होना चाहिए। छात्र-छात्राओं को सी विजिल एप के बारे में जानकारी दी गई। जिला स्वीप कोऑर्डिनेटर इंतजार खान ने मतदाता जागरूकता निमंत्रण पत्र का वितरण किए। स्लोगन दिया गया कि पीलीभीत ने ठाना है शत-प्रतिशत मतदान कराना है, बनो देश के भाग्य विधाता, जागो अब प्यारे मतदाता..। आईटीआई कॉलेज के प्रधानाचार्य शरद चंद्र सागर ने छात्र-छात्राओं को शत-प्रतिशत मतदान करने को प्रेरित किया। इसके बाद मतदाता जागरूक रैली निकाली गई।

इस मौके पर शिक्षक अनुज कुमार, मुकेश कुमार, हर्ष अरोड़ा, हरिओम सिंह, मनोहर लाल, अजय कुमार, सुनील सेवक, अब्दुल मलिक, राकेश देवल आदि रहे।

# 10 लाख से अधिक हो धनराशि तो आयकर विभाग को दें जानकारी

**पीलीभीत, अमृत विचारः** जिला निर्वाचन अधिकारी संजय कुमार सिंह ने बताया कि नकदी व अन्य वस्तुओं को जब्त और अवमुक्त करने के लिए जिला शिकायत समिति का गठन किया गया है। इसमें सीडीओ को अध्यक्ष, उप जिला निर्वाचन अधिकारी व जिले के व्यय अनुवीक्षण के प्रभारी अधिकारी को सदस्य एवं वरिष्ठ कोषाधिकारी को सदस्य नामित किया गया है। यह समिति पुलिस, एसएसटी, एफएसटी द्वारा की गई जब्ती के प्रत्येक मामले की जांच करेगी। कोई एफआईआर दर्ज न होने या किसी राजनीतिक दल या निर्वाचन अभियान आदि से संबद्ध नहीं है तो समिति नकदी आदि को अवमुक्त करने के लिए समिति तत्काल कदम उठाएगी। 10 लाख रुपये से अधिक की धनराशि जब्त की जाती है तो अवमुक्त करने से पूर्व आयकर विभाग को जानकारी देना होगी।

# चुनाव आचार संहिता का पूरी तरह पालन किया जाए : व्यय प्रेक्षक

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर व्यय प्रेक्षकों ने विभिन्न कार्यों के लिए नियुक्त किए गए प्रभारी अधिकारियों के साथ बैठक कर तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने निष्पक्ष रहकर जिम्मेदारियों का निर्वहन करने के निर्देश दिए।

गांधी सभागार में गुरुवार को हुई बैठक में व्यय प्रेक्षक सुब्रनिल दास एवं दिनेश बिसेन की अध्यक्षता में बैठक हुई। इसमें सिटी मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर ने जनपद में निर्वाचन संबंधी अब तक की गई तैयारियों के बारे में जानकारी दी। उन्होने जनपद की भौगोलिक स्थिति, मतदेय स्थलों, मतदान केंद्रों, स्वीप कार्यक्रम, प्रशिक्षण, ईवीएम, कंट्रोल रूम व्यवस्था की जानकारी दी। प्रेक्षकों ने प्रभारी अधिकारियों को



बैठक में प्रभारी अधिकारियों को निर्देश देते व्यय प्रेक्षक। ● अमृत विचार

- **बैठक में व्यय लेखा जोखा सुरक्षित और सुव्यवस्थित रखने के दिए निर्देश**

निष्पक्ष कार्य करने के साथ आचार संहिता का पूर्ण अनुपालन करने के निर्देश दिए। व्यय प्रेक्षकों ने अब तक की गई तैयारियों को संतोषजनक बताते हुए वीडियोग्राफी पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। कहा कि वीडियो रिकॉर्डिंग सुरक्षित रखी जाए। व्यय लेखा जोखा सुरक्षित और सुव्यवस्थित रखा जाए।

उन्होंने कहा कि प्रत्याशियों के खर्चे का मदवार रिकार्ड रखा जाए। कहा कि एमसीएमसी कमेटी, पेड न्यूज की निगरानी, सोशल मीडिया निगरानी टीम के बारे में भी जानकारी ली। सिटी मजिस्ट्रेट ने बताया कि एमसीएमसी (मीडिया प्रमारण एवं निगरानी समिति) टीम का गठन किया जा चुका है। न्यूज चैनल के समाचार, पेड न्यूज एवं सोशल मीडिया की मॉनिटरिंग के लिए अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जा चुकी है। बैठक में एडीएम न्यायिक अजीत परेश समेत प्रभारी अधिकारी मौजूद रहे।

# इंडिया गठबंधन ने बैठक कर बनाई चुनाव की रणनीति

**पीलीभीत, अमृत विचारः** समाजवादी पार्टी कार्यालय में इंडिया महागठबंधन के पदाधिकारियों की बैठक गुरुवार को सपा जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा की अध्यक्षता में हुई। इसमें पूर्व मंत्री भगवत सरन गंगवार के सपा प्रत्याशी घोषित होने पर हर्ष व्यक्त किया गया। साथ ही चुनावी रणनीति बनाई गई। कांग्रेस जिलाध्यक्ष हरप्रीत सिंह चब्बा, आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष अमित मिश्रा, टीएमसी के जिलाध्यक्ष अकील अहमद इदरीसी, भाकपा माले के सचिव देवीदयाल आदि ने विचार रखे। इस मौके पर सपा महिला सभा की राष्ट्रीय सचिव दिव्या गंगवार, अशोक कुमार शमशा,सपा के प्रदेश सचिव आनंद सिंह यादव, असलम जावेद अंसारी, जिला महासचिव सपा नफीस अहमद अंसारी, नरेन्द्र मिश्र कट्टर, अमित पाठक आदि मौजूद रहे।

# मेडिकल कॉलेज की दीवारों से नहीं हटाए होर्डिंग

कार्यालय, संवाददाता पीलीभीत

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव का एलान होते ही आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू कर दी गई। बावजूद इसके कई स्थानों पर पार्टियों के होर्डिंग-बैनर लगे हैं। शहर के गली मोहल्लों तो छोड़िए मेडिकल कॉलेज की दीवारों पर सरकार की योजनाओं संबंधी होर्डिंग लगे हैं।

सरकारी कार्यालयों में सरकार के कैलेंडर लगाए जाते हैं। मगर आदर्श आचार संहिता लगने पर ये कैलेंडर उतार देते या ढक दिए जाते हैं। सरकारी योजनाओं से संबंधित होर्डिंग भी हटाने होते हैं। इसमें चाहे किसी भी प्रकार की कोई योजना का प्रचार नहीं किया जा सकता। जिले में पहले चरण में 19 अप्रैल को मतदान होना है। आचार संहिता लगते ही



डायलिसिस यूनिट पर लगा होर्डिंग।



वर्न यूनिट गेट पर लगा होर्डिंग।

- **योजनाओं के प्रचार-प्रसार को लगाए गए थे होर्डिंग**

टीमें बनाकर राजनीतिक होर्डिंग, फ्लैक्स, वॉल पेंटिंग हटवा दी गईं। मगर मेडिकल कॉलेज में दीवारों पर होर्डिंग-पोस्टर अभी लगे हैं। मेडिकल कॉलेज में बर्न यूनिट के मुख्यद्वार पर केंद्र सरकारी योजना संबंधी होर्डिंग लगा है। डायलिसिस यूनिट की दीवार पर केंद्र सरकार की जल जीवन मिशन योजना संबंधी होर्डिंग है। इनमें भाजपा नेताओं के फोटो हैं। आचार संहिता को लागू हुए सप्ताह भर बीत चुका हैं। शहर में पोस्टर बैनर उतारने का जिम्मा नगर पालिका को दिया गया था। मगर लापरवाही के चलते इन्हें नहीं उतराया जा सका।

> पूरे जिले से राजनीतिक बैनर, होर्डिंग उतरवा दिए गए हैं। इसके बावजूद यदि कोई बाकी है तो उसे तुरंत उतरवाया जाएगा। कोई भी व्यक्ति इस संबंध में अपनी शिकायत दे सकता है। उस पर तुरंत कार्रवाई की जाएगी। आदर्श आचार संहिता का सख्ती से पालन किया जाएगा।
> – **ऋतु पुनिया**, उप जिला निर्वाचन अधिकारी

### सरकारी कार्यों के लिए मना नहीं कर सकते अधिकारी

आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद लोग सरकारी कार्यालयों में अपने काम के लिए पहुंच रहे हैं। कोई भी अधिकारी उन्हें मना नहीं कर सकते। पेंशन बनवाने, आधार कार्ड, जाति प्रमाणपत्र बनाने के काम इस दौरान जारी रहेंगे। बिजली-पानी, साफ-सफाई से जुड़े काम सुचारु तौर पर होते रहेंगे। इलाज के लिए आर्थिक सहयोग लेने के लिए पूरी तरह से स्वतंत्र रहेंगे। आचार संहिता का बहाना बनाकर कोई अधिकारी आपके कार्य को टाल नहीं सकता। अगर आपने मकान के नक्शे के लिए पहले ही आवेदन दे दिया है तो वो पास होगा। हालांकि, इसके लिए नए आवेदन नहीं लिए जाएंगे।

### कमिश्नर के दौरे को लेकर मची रही खलबली

**पूरनपुर।** मतदान केंद्रों के निरीक्षण को लेकर कमिश्नर का दौरा पूरनपुर के लिए भी प्रस्तावित था। इसको लेकर अधिकारी दिन भर केंद्रों में व्यवस्थाएं दुरुस्त कराते रहे। दौरा रद्द होने पर अधिकारियों ने राहत की सांस ली। गुरुवार को कमिश्नर सौम्या अग्रवाल पूरनपुर और बीसलपुर के दौरे पर आने वाली थीं। पूरनपुर क्षेत्र में उनके मतदान केंद्रों के निरीक्षण का कार्यक्रम निर्धारित था। कमिश्नर को ब्लाक संसाधन केंद्र परिसर में बने मतदान केंद्र के अलावा जीजीआईसी, चाँट फिरोजपुर और खमरिया पट्टी के मतदान केंद्रों का निरीक्षण करना था। तहसीलदार वीरेंद्र कुमार और नायब तहसीलदार ऋषिकांत दीक्षित ने सभी केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं दुरुस्त कराईं। मगर कमिश्नर बीसलपुर से ही लौट गईं। नायब तहसीलदार ऋषिकांत दीक्षित ने बताया कि कमिश्नर का कार्यक्रम प्रस्तावित था, लेकिन किसी कारणवश नहीं आईं।

# दूसरे दिन चार नामांकन पत्र खरीदे गए, दिन भर मुस्तैद रही पुलिस

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** नामांकन प्रक्रिया के दूसरे दिन गुरुवार को चार और नामांकन पत्र बिके। दूसरे दिन भी कलेक्ट्रेट परिसर में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रही। चेकिंग के बाद ही लोगों को प्रवेश दिया गया।

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अधिसूचना जारी होने के बाद बुधवार से कलेक्ट्रेट परिसर में नामांकन प्रक्रिया शुरू की गई है। पूरे कलेक्ट्रेट परिसर में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। टनकपुर तिराहे से लेकर नामांकन कक्ष तक विशेष सुरक्षा व्यवस्था की गई है। इधर, नामांकन प्रक्रिया के दूसरे



कलेक्ट्रेट गेट पर सुरक्षा में तैनात पुलिस कर्मी। ● अमृत विचार

दिन गुरुवार को एक अन्य वरुण गांधी नाम के दावेदार के प्रतिनिधि, भारतीय कृषक दल के उम्मीदवार बलराम, निर्दलीय संदीप सिंह मान एवं निर्दलीय आदर्श पांडेय ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर नामांकन फार्म लिए। इससे एक दिन पूर्व बुधवार को मौजूदा भाजपा सांसद वरुण गांधी के प्रतिनिधि समेत 13 अन्य ने नामांकन फार्म लिए थे। सहायक रिटर्निंग ऑफिसर देवेंद्र सिंह ने बताया कि गुरुवार को चार उम्मीदवारों एवं उनके प्रतिनिधियों को नामांकन फार्म उपलब्ध कराए गए हैं।

# श्रमिकों से भरी बस ट्रक से टकराई, एक की मौत, 12 घायल

संवाददाता, पूरनपुर

**अमृत विचारः** होली मनाने को घर लौट रहे श्रमिकों से भरी बस सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकरा गई। इस हादसे में बस में सवार एक श्रमिक की मौत हो गई, जबकि 12 घायल हो गए। 20 से अधिक श्रमिकों को मामूली चोटें आईं। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सीएचसी भिजवाया। जहां से गंभीर घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

- **होली मनाने के लिए अपने घर लखीमपुर जा रहे जा रहे थे बस में सवार सभी श्रमिक**

यह हादसा असम हाईवे पर गुरुवार सुबह करीब चार बजे हुआ। एक निजी बस देहरादून से लखीमपुर खीरी जा रही थी। बस में लखीमपुर खीरी के रहने वाले करीब 70 श्रमिक सवार थे। असम हाईवे पर पूरनपुर से दो किमी पहले महादिया मोड़ के नजदीक पहुंचने पर बस सड़क किनारे खड़े दस टायरा ट्रक से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त हुई कि बस के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार लोग घायल हो गए। हादसे के बाद बस में चीख पुकार मचने लगी। इसकी सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। इस बीच राहगीर भी जमा हो गए। पुलिस ने लोगों की मदद से बस में फंसे श्रमिकों को बाहर निकालकर सीएचसी भिजवाया। जहां लखीमपुर खीरी के ढकवा गांव निवासी सुशील (18) पुत्र छुटई को मृत घोषित कर दिया गया। 12 घायलों को प्राथमिक इलाज के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। हादसे के बाद बस चालक और परिचालक मौके से फरार हो गए। पुलिस ने शिनाख्त के बाद मृतक के परिजनों को हादसे की सूचना दी। इससे परिवार वाले भी पहुंच गए। कोतवाल संजीव कुमार शुक्ला ने बताया कि हादसे में घायल लोगों को अस्पताल भिजवाया गया। एक युवक की मौत हुई है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।



गमगीन हालत में मृतक के परिजन।



हादसे में क्षतिग्रस्त बस।

### तीन माह पहले काम करने देहरादून गया सुशील

लखीमपुर के गांव ढकवा निवासी सुशील रंगाई पुताई का काम करते थे। वह तीन भाइयों में दूसरे नंबर के थे। तीन महीने पहले ही वह काम करने के लिए बड़े भाई विनोद के पास देहरादून गया था। विनोद देहरादून में ड्राइवरी करता है। वहां दोनों भाई साथ रहते थे। होली मनाने के लिए दोनों गांव लौट रहे थे।

### घायलों में ये लोग रहे शामिल

हादसे में घायल हुए लोगों में लखीमपुर के सिंघाई गांव निवासी पंकज पुत्र रामकृपाल, सिमरा गांव के रमेश पुत्र मोहनलाल, ढकवा निवासी सुशील पुत्र विद्याराम, अंजनी पुत्र किशनू, खिढारी गांव निवासी करिश्मा पुत्री छोटेलाल, छंगेलाल, उनकी पत्नी निशा, बेटा रितेश राज, खंगरई गांव निवासी आरती पत्नी सुरेंद्र, निघासन के संदीप पुत्र सुरेश, मुझा गांव निवासी ललिता देवी पत्नी हरिओम और मृतक सुशील का भाई विनोद शामिल हैं।

### बीसलपुर रोड पर हादसे में बाइक सवार की मौत

**पीलीभीत।** सुनगढ़ी थाना क्षेत्र के गांव माधुडांडी निवासी 28 वर्षीय देवकीनंदन मजदूरी करते थे। गुरुवार सुबह वह बीसलपुर की तरफ से बाइक पर पीलीभीत आ रहे थे। रास्ते में रूपपुर कमालु गांव के पास पहुंचने पर उनकी बाइक में किसी वाहन ने टक्कर मार दी। इसमें गंभीर चोटें आने से देवकी नंदन की मौके पर ही मौत हो गई। इंस्पेक्टर सुनगढ़ी पवन कुमार पांडेय ने बताया कि अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हुई है। टक्कर मारने वाले वाहन के बारे में जानकारी की जा रही है। अभी कोई तहरीर परिजन ने नहीं दी है।

# जहर खुरानों से रहें सावधान, एआरएम ने जारी किया अलर्ट

**पीलीभीत, अमृत विचार :** होली पर्व पर बढ़ी संख्या में लोगों की अलग-अलग प्रांतों से घर वापसी होती है। जिस वजह से रोडवेज बस स्टैंड और बसों में भीड़ बढ़ना तय है। इसी बीच जहरखुरान गिरोह भी बीते सालों में सक्रिय होते रहे हैं। इसे लेकर सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक पवन श्रीवास्तव की ओर से अलर्ट किया गया है।

चालक और परिचालक को निर्देश दिए हैं कि वह भी सवारियों की भीड़ के बीच जहरखुरान गिरोह को लेकर सावधानी बरतें। बस में सवार होते समय ही सवारियों को इसे लेकर जागरूक करते रहें। परिचालक बस में बैठे यात्रियों का फोटो क्लिक करें। ताकि संदिग्ध व्यक्ति की पहचान आसानी से की जा सके। साथ ही आवश्यकता पड़ने पर नजदीकी पुलिस चौकी या डायल 112 पर कॉल की जाए।

# 22 साल पुराने हरप्यारी हत्याकांड में दो को आजीवन कारावास

विधि संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** बाइस साल पुराने हरप्यारी हत्याकांड के दो अभियुक्तों को न्यायालय ने उम्रकैद की सजा सुनाई है। साथ ही प्रत्येक को 50 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है। दोनों अभियुक्तों को गैंगस्टर एक्ट के तहत भी सजा सुनाई गई है।

कोतवाली पूरनपुर में दर्ज कराई गई रिपोर्ट में मोहल्ला गणेशगंज निवासी ममता ने बताया था कि वह करीब छह साल से हरप्यारी (65) के मकान में किराए पर रहती है। हरप्यारी के कोई बच्चा नहीं था। 26 मई 2002 को दो लड़के रात करीब आठ बजे मकान में आए और हरप्यारी के पास चले गए। वह उन्हें अपनी बुआ बता रहे थे। 27 मई को दोनों युवक दोपहर साढ़े तीन बजे के बाद चले गए। कुछ देर बाद ऊपर जाकर लोगों ने देखा तो हरप्यारी का शव कमरे में पड़ा था। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर विवेचना की।

- **गैंगस्टर एक्ट के मुकदमे में भी दोनों को सुनाई गई सजा**

पुलिस ने दोनों अभियुक्त मूलरूप से गजरौला थाना क्षेत्र के ग्राम लालपुर व हाल निवासी शहर के मोहल्ला मोहम्मद फारुख निवासी छत्रपाल पुत्र सीताराम शर्मा और कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला पकड़िया निवासी राजपाल पुत्र मूलचंद्र शर्मा को गिरफ्तार कर जेल भेजा। इसके बाद उनके खिलाफ आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया गया।

इस मुकदमे की सुनवाई के बाद विशेष न्यायाधीश गैंगस्टर एक्ट चंद्रमोहन मिश्र ने अभियुक्त छत्रपाल व राजपाल को हरप्यारी की हत्या का दोषी पाते हुए आजीवन कारावास और प्रत्येक को 50 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया। दोनों अभियुक्तों को गैंगस्टर एक्ट के तहत भी दोषी पाते हुए दस वर्ष कारावास और प्रत्येक को 25 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है।

हर दर्द का इलाज करते हैं



डॉ. रूप किशोर

समय प्रातः 10 से दोपहर 3 बजे तक

गठिया



फालिज

जोड़ों एवं नसों का दर्द

झनझनाहट

सुन्नपन

फातिमा हॉस्पिटल
जगतपुर रोड, बरेली
9267043010

जे.पी. क्लीनिक

डा. जितेन्द्र पाल सिंह
B.A.M.S., (Kanpur)
Ex. H.O. जिला अस्पताल
फेमिली फिजीशियन

- दाँद, खाँज, खुजली, मुँहासे का इलाज
- बच्चों के जिगर, सूखा रोग एवं काली खाँसी का इलाज
- जोड़ों, घुटनों व गठियाँ के दर्द का इलाज।
- गुर्दो की पथरी (Kidney Stone) व गदूद (Prostate) का इलाज

बच्चों के सूखा रोग का तेल मुफ्त दिया जाता है।

हमारे यहाँ भफारा (Nebuliser) मुफ्त दिया जाता है

पता : बाजार सन्दल खान, निकट दूल्हा मियाँ की मजार, किला सिटी स्टेशन रोड, बरेली मो. 8791532206

सुबह 11 से 3 बजे तक
सायं 7.30 से 9.30 बजे तक
रविवार अवकाश

# यूपी बोर्डः मूल्यांकन को 60929 उत्तर पुस्तिकाएं शेष

## गुरुवार को 36 हजार से अधिक कॉपियों का किया गया मूल्यांकन, डीआईओएस ने किया केंद्रों का निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- 24 से 26 तक रहेगा होली का अवकाश, 27 से होगा मूल्यांकन

**अमृत विचार :** यूपी बोर्ड की ओर से 13 दिनों में मूल्यांकन कार्य को पूरा करने के निर्देश दिए गए थे। 16 मार्च से ही जिले में दो केंद्रों पर मूल्यांकन कार्य तेजी से चल रहा है। गुरुवार को दोनों स्थानों पर 36,907 कॉपियों का मूल्यांकन किया गया। छह दिनों में मूल्यांकन में जुटे परीक्षकों ने 1,15,833 कॉपियों को जांचने के बाद उनका डेटा पोर्टल पर अपलोड कर दिया है। अब सिर्फ 60,929 अवशेष रह गई है। गुरुवार को ड्रमंड राजकीय इंटर कॉलेज और राजकीय इंटर कॉलेज में सुबह ठीक दस बजे मूल्यांकन कार्य शुरू हुआ। ड्रमंड राजकीय इंटर कॉलेज में इंटरमीडिएट की कॉपी जांची की गई। वहीं राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में हाईस्कूल की कॉपियों को गहनता के साथ चेक किया गया।

संदेह लगने वाली कॉपियों की जानकारी केंद्र नियंत्रक और डीआईओएस को दी गई। जिनको डीएचई के द्वारा चेक कर उन पर हस्ताक्षर किए गए। जीजीआईसी मूल्यांकन केंद्र पर 43,785 कॉपियां शेष रह गई थी। गुरुवार को परीक्षकों के द्वारा 24045 कॉपियां जांची गई। इस केंद्र पर अब सिर्फ 19740 कॉपियों का मूल्यांकन शेष रह गया है। यहां अभी तक 69197 कॉपियों का मूल्यांकन किया जा चुका है। इसी तरह ड्रमंड राजकीय इंटर कॉलेज में 54,051 कॉपी जांचने को शेष थी। यहां गुरुवार को परीक्षकों ने 12862 कॉपियों का मूल्यांकन पूरा किया। अब तक इस केंद्र पर 46636 कॉपी की जांच पूरी कर ली गई है। अब सिर्फ 41189 कॉपी शेष रह गई है।

डीआईओएस गिरजेश कुमार चौधरी ने बताया कि मूल्यांकन कार्य तेजी से चल रहा है। अब 115,833 कॉपियों की जांचा जा चुका है। इनमें किसी प्रकार कोई गड़बड़ी सामने नहीं आई है। 24 से 26 होली का अवकाश रहेगा। अब 27 से मूल्यांकन शुरु होगा।

# दूसरे दिन 28457 बच्चों ने छोड़ दी परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



परिषदीय विद्यालय में परीक्षा देते बच्चे। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** बेसिक शिक्षा की ओर से प्राथमिक और जूनियर विद्यालयों में परीक्षाएं शुरू हो चुकी हैं। गुरुवार को जिले के कुल 1508 परिषदीय विद्यालयों में नैतिक शिक्षा, विज्ञान और हिंदी का पेपर हुआ। परीक्षा में दूसरे दिन समस्त विद्यालयों में 28457 छात्र-छात्राएं अनुपस्थित रहे।

जिले में 1499 परिषदीय और नौ कस्तूरबा गांधी में कक्षा तीन से आठ तक के छात्र-छात्राओं की परीक्षा कराई। परीक्षा दो पालियों में हुई। कक्षा तीन में नैतिक शिक्षा का पेपर हुआ। जबकि कक्षा चार और पांच में भी इसी विषय की लिखित परीक्षा कराई गई। जबकि कक्षा छह में विज्ञान और कक्षा सात- आठ में हिंदी विषय का पेपर हुआ। स्कूलों में प्रधानाध्यापकों ने निर्धारित समय पर परीक्षा को शुरु कराया। समस्त बीईओ ने स्कूलों निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं को परखा। मुख्यालय से भी स्कूलों की मॉनीटरिंग कराई गई। इस परीक्षा में अमरिया ब्लॉक में 19705 छात्र-छात्राएं पंजीकृत थे। इनमें 13793 परीक्षा में सम्मिलित हुए। इसी तरह बरखेड़ा ब्लॉक में 25,617 में 21,482, ललौरीखेड़ा में 19416 में 15291, बीसलपुर में 23500 में 20878, मरौरी में 24587 में 20899, बिलसंडा में 26576 में 20548, पूरनपुर ब्लॉक में 52344 में 50899 छात्र-छात्राएं शामिल हुईं। नगरीय क्षेत्रों में 2498 में 1996 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी।

बीएसए अमित कुमार सिंह ने बताया कि दूसरे दिन भी परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराई गई। दूसरे दिन परीक्षा में 194243 में 165,786 ने परीक्षा दी। जबकि 28,457 गैर हाजिर रहे हैं।

# पूरनपुर में भी कोटेदारों को दिए जाएंगे नए सिम

**पूरनपुर, अमृत विचारः** वेइंग मशीन से राशन वितरण में आने वाली समस्याओं को लेकर आए दिन हंगामा हो रहा है। नेटवर्क की समस्या से कोटेदार और राशन कार्ड धारक दोनों परेशान है। बेहतर नेटवर्क के लिए बेइंग मशीन में लगने वाली सिम बदली जाएगी।

पूरनपुर तहसील क्षेत्र में 140 सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान हैं। इन दुकानों पर राशन कार्ड धारकों को निशुल्क राशन सामग्री वितरित की जा रही हैं। राशन वितरण में धांधली की शिकायत पर कुछ दिन पहले ही सरकार ने कोटेदारों को बेइंग मशीन के माध्यम से राशन वितरण करने का निर्देश दिया। कोटेदारों को प्रशिक्षण के बाद मशीन उपलब्ध कराई गई। बेइंग मशीन में दो कंपनियों की सिम पड़ी हुई है। नेटवर्क सही न होने पर यह मशीन राशन वितरण से संबंधित प्रक्रिया पूरी नहीं कर पा रही। जिसके बाद अब बेइंग मशीन में पड़े नेटवर्क सिम बदलने का निर्णय लिया है। मशीन में पड़े सिम हटाकर उनके स्थान पर मजबूत नेटवर्क वाले सिम डाले जाएंगे। पूरनपुर में 140 सिम पहुंच गए हैं। पूर्ति निरीक्षक बीके मिश्रा ने बताया कि सिम को बदलने का काम कराया जा रहा है। इंजीनियर कोटेदारों के यहां जाकर पुराने सिम के स्थान पर नया सिम लगा रहे हैं। उन्होंने कहा उपभोक्ता धैर्य रखें। जल्द ही राशन वितरण में आने वाली सभी समस्याओं का समाधान हो जाएगा।

# सेवानिवृत शिक्षक पर छेड़छाड़ का आरोप

संवाददाता, बरखेड़ा

- पिता के तहरीर देने पर बरखेड़ा पुलिस जांच करने में जुटी

**अमृत विचारः** घर से फूल तोड़ने गई 11 साल की बालिका से रिटायर शिक्षक ने छेड़छाड़ की। बच्ची के बताने पर पिता ने थाने जाकर तहरीर दे दी। बरखेड़ा पुलिस मामले की जांच कर रही है।

थाना बरखेड़ा में दी गई तहरीर में क्षेत्र के एक व्यक्ति ने बताया कि उसकी 11 साल की पुत्री कक्षा पांच की छात्रा है। 19 मार्च की शाम को बच्ची गांव में फूल तोड़ने गई थी। उसे गांव के एक सेवानिवृत शिक्षक ने बुरी नियत से पकड़ लिया और खेत में खींचकर ले गया। आरोप है उसने अश्लील हरकतें कर दुष्कर्म की कोशिश की ।बच्ची के विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी। बमुश्किल बच्ची उससे बचकर घर पहुंची, लेकिन डर की वजह से किसी को कुछ नहीं बताया। उसे सहमी हालत में देखकर परिजनों ने पूछताछ की। तब उसने घटना के बारे में बताया। परिवार ने आरोपी से जान का खतरा बताते हुए सख्त कार्रवाई की मांग की। पुलिस मामले को संदिग्ध मान रही है।

> एक ग्रामीण ने सेवानिवृत्त शिक्षक के खिलाफ छेड़छाड़ की तहरीर दी है। प्रकरण की जांच करा रहे हैं। अगर आरोप सही निकलते हैं तो रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।
> – अरविंद सिंह चौहान, इंस्पेक्टर बरखेड़ा

## छेड़छाड़ के दो मामलों में चार लोग नामजद

**बीसलपुर।** अलग-अलग स्थानों पर हुई छेड़छाड़ की दो घटनाओं में चार आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। कोतवाली दियोरियाकला में दर्ज कराई रिपोर्ट में एक महिला ने बताया कि 18 मार्च को उसके पति खेत पर काम कर रहे थे ।वह पति के लिए खाना लेकर खेत पर जा रही थी। गांव के ही मनोज, बृजपाल और मोहित कुमार रास्ते में ही उसका पीछा करने लगे। इसके बाद पकड़कर गन्ने के खेत में ले गए और दुष्कर्म करने की कोशिश की। चूंकि पीड़िता का खेत भी कुछ ही दूरी पर था तो शोर सुनकर पति मौके पर आ गए। तभी आरोपी धमकी देते हुए भाग गए। इसके अलावा एक अन्य ग्रामीण ने दियोरियाकला कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि उसकी पत्नी मानसिक रुप से अस्वस्थ है। 19 मार्च को पत्नी मकान की सफाई कर रही थी। इस बीच गांव का नन्हे लाल पीड़ित के घर में घुस आया और पत्नी को बुरी नियत से पकड़ छेड़छाड़ की। विरोध करने पर मारपीट की। शोर पर आसपास के लोग जमा हुए तो धमकी देकर भाग गया। कोतवाल दियोरियाकला उमेश सिंह सोलंकी ने बताया कि दोनों प्रकरणों की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। विवेचना में साक्ष्य के आधार पर आगे कार्रवाई की जाएगी।

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

चरक पैथलैब
विश्वसनीय परिणाम
स्वास्थ्य जाँच पैकेज की व्यापक रेंज
जांचों पर विशेष छूट
समस्त प्रकार की खून जांचे उपलब्ध
39-बी, एकता नगर, चाट बाजार के पास, नीरज लाईफ केयर हॉस्पिटल के सामने, बरेली
मो. 9410200042, 9410200047 समय प्रातः 8 से रात 9 बजे तक
घर से सैम्पल लेने की सुविधा उपलब्ध E-mail: pathlab.charak@gmail.com



डा. सतेन्द्र शर्मा
M.D. (Ayu.)
बवासीर, भगन्दर रोग विशेषज्ञ
क्या आपकी हर सुबह परेशानी लेकर आती है
जैसे : शौच के समय जलन, दर्द एवं खून, मल द्वार के पास से मवाद व कपड़े खराब होते रहना।
क्षार सूत्र विधि द्वारा इन सभी बीमारियों से सम्पूर्ण निदान पायें।
श्रद्धा केयर अस्पताल
मिनी बाईपास, प्रेम नर्सरी के सामने, कर्मचारी नगर, नैनीताल रोड
बरेली सम्पर्क सूत्र : 9758284825, 8077550393



डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पताः- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
मिलने का समय प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157

यशस्वी क्लीनिक
डॉ. अनिल मिश्रा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
डायबिटीज एवं हृदय रोग विशेषज्ञ
मो. 9896567597
स्वास्थ्य परामर्श
- डेंगू, टायफाइड, मलेरिया का उचित इलाज
- दिल सम्बन्धित बीमारियां
- शुगर, ब्लडप्रेशर, सीने में दर्द
- बुखार, खांसी, सांस सम्बन्धित बीमारियां
- थायराइड, गठिया, खून की कमी
- जिगर, पेट, लीवर, अल्सर, भूख न लगना, वजन घटना, कब्ज, उल्टी एवं दस्त की बीमारी
- दिमागी बुखार, मिर्गी के दौरे, एन्सेफ्लाइटिस,
- लकवा, स्ट्रोक, सर दर्द, माइग्रेन
- गुर्दे एवं पेशाब की तकलीफ, गुर्दे की पथरी, प्रोस्टेट का बढ़ना, पेशाब में खून आना व जलन।
समयः प्रातः 9:30 से 2:00 बजे एवं सायं 5:00 बजे से 8:00 बजे तक रविवार को अवकाश रहेगा।
पताः- फैज़ हास्पिटल के सामने बेसमेन्ट में, 100 फुटा रोड, बरेली
सम्पर्क सूत्रः- 7895161674, 7906502059

## पति समेत पांच पर दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट

**जहानाबाद।** दहेज में दो लाख रुपये की मांग पूरी न होने पर ससुरालियों ने विवाहिता को पीटकर घर से निकाल दिया। पुलिस ने पति समेत पांच पर रिपोर्ट दर्ज की है। जहानाबाद थाने में दी गई तहरीर में ग्राम ललौरीखेड़ा निवासी अलवीना उर्फ अलीना ने बताया कि उसकी शादी चार साल पहले बरेली जनपद के थाना हाफिजगंज क्षेत्र के ग्राम सेंथल निवासी मोहम्मद यूनुस से चार साल पहले हुई थी। दहेज को लेकर ससुराल वाले कुछ दिन बाद ही प्रताड़ित करने लगे। पिता ने पीड़िता के नाम अस्सी हजार रुपये की एफडी कराई है। इसे पति जबरन निकलवाना चाहता था। दहेज में दो लाख रुपये और अन्य सामान की मांग की जा रही थी। मायके वालों ने असमर्थता जताई तो 19 मार्च की सुबह ससुरालियों ने पीटकर निकाल दिया। जहानाबाद पुलिस ने मामले में पति मोहम्मद यूनुस, वली अहमद यूसुफ, तारीक, आरिफ के खिलाफ दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज की है।

## पेड़ में पानी लगा रही युवती से छेड़छाड़, रिपोर्ट

**जहानाबाद।** जहानाबाद थाने में दी गई तहरीर में क्षेत्र के एक व्यक्ति ने बताया कि उसकी पुत्री 19 मार्च को दोपहर एक बजे मिर्च के पेड़ में पानी लगा रही थी। इस बीच पड़ोस का अंकित आ गया और पुत्री को पकड़ छेड़छाड़ की। चीखने की आवाज सुनकर जब मौके पर गए तो आरोपी धमकी देकर भाग गया। इसके बाद जब आरोपी के घर गए तो उसके परिवार वालों ने गलती स्वीकारने के बजाय अभद्रता की। पुलिस ने मामले में आरोपी अंकित के खिलाफ छेड़छाड़ और धमकाने की रिपोर्ट दर्ज की है।

## ग्रामीण को पीटा

**जहानाबाद।** ग्राम नांद पसियापुर निवासी राकेश कुमार ने जहानाबाद थाने में तहरीर देकर बताया कि 20 मार्च की रात नौ बजे गांव के ही सुनील, जगन्नाथ और देवकी आकर उनसे गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर मारपीट की। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

## सार-संक्षेप

### बदायूं हत्याकांडः दूसरे आरोपी को दी जाए फांसी की सजा



**पूरनपुर।** महावीर सेना के कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन गुरुवार को तहसीलदार वीरेंद्र सिंह को सौंपा गया। जिसमें बताया कि बदायूं में ठेकेदार विनोद के बेटे अहान और आयुष की पड़ोस के साजिद और जावेद ने हत्या कर दी थी। एक आरोपी का एनकाउंटर हो चुका है जबकि दूसरा पुलिस की गिरफ्त में है। जिंदा बचे आरोपी को फांसी की सजा दिलाने की मांग की गई। इसके अलावा पीड़ित परिवार को एक करोड़.रुपये मुआवजा देने की मांग की। ज्ञापन देने वालों में जिलाध्यक्ष संजीव अग्रवाल, जिला प्रभारी रुम सिंह यादव, सचिन गुप्ता, राकेश कुमार, सुनील गुप्ता, जितेंद्र पांडे, लक्ष्मण प्रसाद प्रजापति आादि मौजूद रहे।

### सीएचसी में हुई मूक बधिर बच्चों की जांच

**पूरनपुर।** कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में गुरुवार को शिविर लगाया गया। इसमें दर्जनों मूक बधिर बच्चे पहुंचे। पंजीकरण के बाद पांच साल तक के बच्चों का चेकअप किया गया। बच्चों को विनायक कॉस्मेटिक सर्जरी एंड लेजर सेंटर के लिए रेफर किया गया। सेंटर में अंतिम जांच के बाद सरकार की ओर से मूक बधिर बच्चों के जरुरत के मुताबिक ऑपरेशन कराए जाएंगे। इसके साथ ही बच्चों को उपकरण भी दिए जाएंगे। कैंप में डा. अंशुमान यादव, सहायक अनुज मिश्रा मौजूद रहे।

### धूमधाम से मनाया वार्षिकोत्सव, बच्चों ने पेश किए कार्यक्रम

**बिलसंडा।** कस्बा बमरौली के आरआरबी पब्लिक स्कूल में गुरुवार को वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि बीसलपुर विधायक विवेक वर्मा ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित करके की। बच्चों ने मां शारदे की वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया। छात्रा शीतल सिंह, गायत्री, प्रियांशी सिंह ने मेरे देश की धरती सोना उगले उगले हीरे मोती गीत पर डांस किया। पापा मेरे पापा..गीत पर एकल डांस मिछिला मिश्रा और झुमका गिरा रे ..पर छात्रा कनिष्का मौर्य ने डांस किया। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पर नाटक प्रस्तुत किए गए। इस मौके पर नितिन पाठक, विद्यालय प्रबंधक सुखीराम मोर्य, कृष्ण नरेश महाविद्यालय के एमडी अखिल अग्रवाल, ठाकुर मनीष सिंह, नगर पंचायत अध्यक्ष डीके गुप्ता, प्रधानाचार्य सपना मौर्या, हरिहरनाथ मिश्रा, अटल मिश्रा, रामकृष्ण, अजय वीर, शोभित दीक्षित आदि मौजूद रहे।

### दस दिवसीय क्रिकेट ट्रेनिंग कैंप शुरू



**मझोला।** एसके पब्लिक स्कूल में 10 दिवसीय क्रिकेट ट्रेनिंग कैंप आयोजित किया जा रहा है। गुरुवार को उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल युवा के प्रदेश अध्यक्ष कपिल अग्रवाल ने बतौर मुख्य अतिथि शुरुआत कराई। कैम्प में रणजी खिलाड़ी विजय जेठी के निर्देशन में क्षेत्रीय खिलाड़ियों को ट्रेनिंग दी जाएगी। विद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी राजेन्द्र सिंह, प्रबंध निदेशक जगजीत सिंह ने अतिथि का स्वागत किया। इस मौके पर कुंदन सिंह वानी, आकाश अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

